कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-10.04.2025

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार यादव को थाना चोलापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-119/2025 धारा 137(2),64(1),87 बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार यादव पुत्र धनीराम निवासी ग्रा0 गणेशपुर थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच को आज दिनांक-10.04.2025 को समय करीब 05.10 बजे ग्राम अल्लोपुर मोड़ थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नाबालिग अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष को थाना चोलापुर पुलिस द्वारा दिनांक-08/04/2025 को सकुशल बरामद किया जा चुका है।

घटना का विवरण- दिनांक 02.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने वादी की नाबालिग बेटी उम्र करीब 17 वर्ष जो घर से बाजार पूजा का सामान लेने गयी व घर वापस नहीं आयी, के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 धीरेन्द्र तिवारी द्वारा सम्पादित की जा रही।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

प्रमोद कुमार यादव पुत्र धनीराम निवासी ग्रा0 गणेशपुर थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच, उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ग्राम अल्लोपुर मोड़ थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से दिनांक-10.04.2025 को समय करीब 05.10 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-119/2025 धारा 137(2),64(1),87 बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 धीरेन्द्र कुमार तिवारी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 अजय कुमार मिश्रा थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।